हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जीजा की डिग्री में कूटरचना कर साला बन गया...



09 मेरा शस्त्र लाइसेंस भाजपा नेताओं के दवाब में ...



**खबर संक्षेप**

### हरिशंकर परसाई की दुनिया का विमोचन आज

**सागर।** डॉ.मनोहर देवलिया द्वारा सम्पादित पुस्तक हरिशंकर परसाई की दुनिया का विमोचन और उस पर चर्चा का आयोजन आज 14 दिसम्बर रविवार को दोपहर 1:30 बजे वरदान सभागार, सिविल लाइन्स, सागर में श्यामलम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर भोपाल के मुख्य आतिथ्य तथा लोकप्रिय व्यंग्यकार डॉ. सुरेश आचार्य की अध्यक्षता में होने जा रहे इस बौद्धिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार राजेश बादल, भोपाल सारस्वत अतिथि और इंक मीडिया इंस्टिट्यूट सागर के संचालक डॉ.आशीष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्याख्यान देंगे।

### पेंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजन 17 को होगा

**सागर।** पेंशनर्स दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज जिला सागर द्वारा पेंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजन 17 दिसम्बर दिन बुधवार को किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष जीएल छत्रसाल ने बताया की कार्यक्रम में नये पेंशनर्सों के रजिस्ट्रेशन एवं पेंशनर्सो की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव होगें एवं मुख्य अतिथि पं शुकदेव प्रसाद तिवारी संभागीय अध्यक्ष पेंशनर्स समाज होगें। समस्त पेशनर्सों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की।

### पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन 18 तक आमंत्रित किउ

**सागर।** सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के तहत छात्रवृत्ति योजना हेतु पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सागर जिले में निवास करने वाले पात्र लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि वे कक्षा प्रथम से लेकर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तक की छात्रवृत्ति के लिए अपने आवेदन निर्धारित समयावधि में अवश्य प्रस्तुत करें। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन 18 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्यालय ने सभी पूर्व सैनिक परिवारों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर मिल सके। अधिक जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

**सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की उपलब्धियों के संबंध में प्रभारी मंत्री ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित**

# सागर के आसपास 20 किलोमीटर में बाईपास रोड बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू : उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

### बीएमसी में न्यूरोसर्जरी विभाग को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। उपमुख्यमंत्री शुक्ल आज सागर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विगत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से शुरु किया गया हैं। एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली केन-बेतबा लिंक परियोजना के पूर्ण हो जाने से बुन्देलखंड के खेतों को सिंचाई हेतु जल एवं लोगों को पेयजल की उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार कृषि, उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। विगत दिनों खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक में अनेक हितकारी निर्णय लिए गए। सागर के मसवासी ग्रांट क्षेत्र में 1500 एकड़ क्षेत्र में एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, सागर को विकास की दिशा में आंगे ले जाएगा। इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 25000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 540 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के लगभग 29000 लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि दमोह, पन्ना, छतरपुर, कटनी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना बुन्देलखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली एक अभूतपूर्व सौगात है। जिला अस्पताल एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज को और आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में न्यूरोसर्जरी विभाग को मंजूरी से बीएमसी में सुपर स्पेशियलिटी फैकल्टी की उपलब्धता होगी जिससे सागर को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बीएमसी में कैंसर अस्पताल के लिए 70 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। साथ ही कैंसर उपचार के लिए 50 करोड़ रुपए की मशीन भी लाई जा रही है।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पहले मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए मरीजों को दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ता था लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम केयर योजना चलाई गई है। अब मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग की उपलब्धता से मरीजों को त्वरित और समय पर अंग प्राप्त हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में अंगदाता को गॉड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है, साथ ही अंगदान करने वाले अंगदाता के परिजनों को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सागर के आसपास 20 किलोमीटर क्षेत्र में बाईपास रोड बनाने के लिए भू-अर्जन समेत अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं शुरु हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 2026 तक भोपाल-सागर फोर लाइन सड़क मार्ग का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाएगा एवं वर्ष 2027 तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होकर सागर-भोपाल के मध्य फोरलाइन सड़क मार्ग की सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार सागर-दमोह के मध्य भी सीधी कनेक्टिविटी के लिए फोरलाइन सड़क के लिए लगभग 2069 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पत्रकारों पर गैर जरूरी मुकदमों को जल्द से जल्द समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए संवेदनशील है, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में सरकार द्वारा पदस्थापना अथवा उचित सहायता राशि प्रदान कर प्रकरणों का निराकरण करते हुए इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए शुरु की गई श्रद्धांजलि योजना की सराहना की। पत्रकार वार्ता में उपस्थित पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में अवैध शराब, नशा पर प्रभावी कार्यवाही करें। इस दौरान उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील भी की।

उपमुख्यमंत्री ने सरकार के दो वर्षों के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश को प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को सिकल सेल एनीमिया एवं टीबी मुक्त करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। निरोगी काया अभियान, एयर एम्बुलेंस, प्रत्येक जिला अस्पताल में शव वाहन की सुविधा, मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर में कमी, प्रत्येक घर तक नल से जल की प्राप्ति, सांदीपनि विद्यालय, पीएमश्री कॉलेज जैसी अनेक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश प्राप्त करने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया है, जिससे प्राप्त निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं अधोसंरचना का विकास हो रहा है।

इस अवसर पर विधायक सागर शैलेन्द्र जैन, विधायक नरयावली प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, श्याम तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, ज सीईओ विवेक केवी एवं बड़ी संख्या में मीडिया के साथ उपस्थित थे।



### सागर दमोह रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा सागर दमोह रोड स्थित पारस पेट्रोल पंप के आगे दमोह से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सागर से दमोह जा रहे बाइक चालक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दो व्यक्तियों कि मौके पर ही दर्द नाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार कि रात कि है तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की जान चली गई, इसमें तेज रफ्तार ट्रक दमोह की तरफ से आ रहा था और बाइक सवार सागर की तरफ से जा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हो गया, जिसमें बटियागढ़ बकायन निवासी युवक काल कलवित हो गए। घटना की प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ट्रक और बाइक टक्कर इतनी तेज थी एक बाइक सवार उछल के आगे साइड फिक गया। स्थानीय लोगों द्वारा थाना पुलिस एवं आपात कालीन सेवा 112 को फोन लगाकर बुलाया गया वहीं घटना स्थल से गुजर रहे गढाकोटा तहसीलदार महेश दुबे ने मानवीयता दिखाते हुए लोगों के साथ मृतिको के शव को स्ट्रेचर पर रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा भेजा गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा बताया गया है घटना के संबंध में थाना गढाकोटा में सूचना दी गई थी मौके पर पुलिस द्वारा जाकर घटना में घायलों को 108 के द्वारा गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया डाक्टर द्वारा दोनों लोगों को मृत घोषित किया गया है।

### कमिश्नर सुचारी ने गढ़ाकोटा दौरा में एसआईआर की ली जानकारी, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार कि दोपहर कमिश्नर अनिल सुचारी ने दौरा किया जिसमें तहसीलदार महेश दुबे सहित राजस्व विभाग, बीएलओ ओर नगर पालिका के सीएमओ उपस्थित थे। कमिश्नर द्वारा लोन के मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के बाद सागर रोड स्थित गढाकोटा रेस्टहाउस में बीएलओ से एस,आई,आर कि जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। कमिश्नर के दौरे के संबंध में तहसीलदार महेश दुबे द्वारा बताया गया कि माननीय कमिश्नर महोदय के द्वारा एस.आई.आर के संबंध में मतदान केन्द्रों कि जांच एवं गणना पत्रों कि जांच एवं जो मतदाता हैं ऐसे मतदाता हैं जिनका मिलान नहीं हो पा रहा उस संबंध में सभी दस्तावेजों कि जांच कि गई। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि बार बार मतदाता से संपर्क करके नाम जोड़ने कि कार्रवाई की जाए।

## न कोई जीता न कोई हारा: व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में नेशनल लोक अदालत संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



गढाकोटा में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार शनिवार को व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ अम्बर श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें जमील कुरैशी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पक्षकार गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अम्बर श्रीवास्तव, न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत को उत्सव के रूप में मनाना चाहिये जिससे पक्षकारों को त्वरित व शीघ्र न्याय प्राप्त हो सके। आप ने अधिवक्ता द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि आज आयोजित होने वाली लोक अदालत भी अधिवक्ताओं के सहयोग से सफल होगी। आपके द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का भ्रमण किया गया और प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 31 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं राशि 18,38100 रूपये का समझौता किया गया एवं 302 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 33,54,100 रूपये का समझौता किया गया इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 333 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल 51,92,200 रूपये पर आपसी राजीनामा के आधार पर समझौता किया गया। लोक अदालत में कई बिखरे परिवार फिर से बसे एवं पक्षकारगण खुशी से अपने-अपने घर वापिस गये। लोक अदालत में कुल 604 व्यक्ति लाभांवित हुये। अम्बर श्रीवास्तव द्वारा समस्त विभागों एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई**

## मध्यप्रदेश को विकास की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए प्राण-प्रण से काम कर रही है भाजपा सरकार : राजेंद्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




शनिवार को उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर प्रवास के दौरान संभागीय भाजपा कार्यालय पहुंचे जहाँ जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी जन प्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बुंदेली परम्परा से उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व पधारे हुए आम जनों से भेंट कर उनसे संवाद किया। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल का जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार एवं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रुप से अभिनन्दन किया। उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सभी को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास भी, विरासत भी और सबका साथ-सबका विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कृत-संकल्पित हैं। राज्य सरकार मध्यप्रदेश को विकास की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए प्राण-प्रण से काम कर रही है। सभी क्षेत्रों में विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। दो वर्ष का हमारा कार्यकाल अनेकानेक उपलब्धियों से भरा हुआ है। पार्टी कार्यकर्ता मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिधि और कार्यकर्ता योजना बनाकर घर-घर संपर्क कर जन-जन को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएं।

बैठक को जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र कटारे ने संचालित किया एवं आभार संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक ने व्यक्त किया।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, रामेश्वर नामदेव, चैन सिंह ठाकुर, नवीन भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री देवेंद्र फुसकेले, सुषमा यादव, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक अंशुल परिहार, किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या भार्गव, युवा मोर्चा अध्यक्ष यश अग्रवाल, शारदा खटीक, सर्वजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, अमित बैशाखीया, नीलम अहिरवार, मनीष चौबे, अर्पित पांडे, उर्मिला सहारे, सुनीता रैकवार, रिंकू नामदेव, नितिन साहू, गुड्डू सोनी, शुर्यांश तिवारी, सुप्रीयो राय, गोपी पंथी, राहुल नामदेव, नितिन सोनी उपस्थित थे।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

**खबर संक्षेप**



## किसानों की समस्याओं पर दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** भाकियू भानु जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किसानों की विभिन्न समस्याएं को लेकर यशराज सिंह उप कृषि प्रसार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद में खरीफ की फसल का बीमा शासन से स्वीकृत है, जिनमें कुछ गांव में बीमा की राशि किसान क्रेडिट कार्ड में पहुंच गई है। लेकिन ग्राम तेरा के किसानों की बीमा राशि अभी तक नहीं पहुंची है, जो अति शीघ्र दिलाई जाए। पिछले वर्ष भी कुछ चुनिंदा लोगों को बीमा राशि दी गई थी जिसकी जांच कराकर सभी किसानों को बीमा राशि दिलाई जाए। खरीफ की फसल के लिए शत-प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज दिया गया था। लेकिन अभी तक उक्त मक्का की अनुदान राशि खातों में नहीं भेजी गई थी इसलिए अनुदान राशि भिजवाई जाए ललितपुर में यूरिया बहुत महंगे दामों पर बेची जा रही हैं।

### जांच के बाद कूटरचित पाए गए दस्तावेज, एफआईआर दर्ज

# जीजा की डिग्री में कूटरचना कर साला बन गया कार्डियोलॉजिस्ट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में फर्जी दस्तावेज बनाकर महत्वपूर्ण हृदयरोग व कैंसर जैसे विभागों में सेवाएं दे रहे चिकित्सक के खिलाफ डिप्टी सीएमओ ने एफआईआर दर्ज करायी है।

प्रकरण की जांच के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी मेडीकल कॉलेज प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच की गयी, जिसमें संविदा नौकरी के लिए आरोपित द्वारा दिये गये दस्तावेजों का मिलान किया गया, जो कि कथित तौर पर कूटरचित पाये गये। इस प्रकरण में डिप्टी सीएमओ डा.आर.एन.सोनी ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि यू.एस.ए. के टेक्सास 76513 बेलटन में रहने वाली डा.सोनाली सिंह ने मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को अवगत कराया कि उनके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह द्वारा उनके पति डा.राजीव कुमार गुप्ता की पहचान एवं उनकी एमबीबीएस व एमडी की डिग्री चुराकर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में नौकरी कर रहे हैं। मामला प्रकाश में आते ही अधिकारियों के भी होश फाख्ता हो गये।

### अभिनव सिंह द्वारा कई दस्तावेजों की कूटरचना की गई

मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच के लिए समिति गठित की। जांच के दौरान पाया गया कि अभिनव सिंह ने अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस एवं एमडी की डिग्री को कूटरचना कर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग में लायी गयी और मेडीकल कॉलेज में कूटरचित एम.बी.बी.एस. व एम.डी. की डिग्री, आधार कार्ड लगाकर संविदा पर सीसीयू एण्ड कैंसर केयर यूनिट में विशेषज्ञ (कॉर्डियोलॉजिस्ट एण्ड जनरल मेडिसिन) पद पर नौकरी प्राप्त कर अनैतिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उक्त अभिनव सिंह द्वारा कई दस्तावेजों की कूटरचना की गयी है। इसके द्वारा हृदय रोग जैसे विशेषज्ञ कार्य को कोई डिग्री न होने व अनुभवहीन होने के बावजूद कई मरीजों के जीवन के साथ जानबूझकर खिलबाड़ किया गया है। इनके द्वारा डा.राजीव गुप्ता का क्षदम प्रतिरूपण किया गया। उप सीएमओ डा.आर.एन.सोनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अभिनव सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस ने दस्तावेज किए जब्त

एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले अपने बहनोई की एमबीबीएस व एमडी की डिग्रियों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडीसन विभाग में डाक्टर बनकर भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे अभिनव सिंह को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभिनव सिंह के पास से डीएमसी सर्टिफिकेट 1 वर्क, म.प्र.आयुर्विज्ञान परिषद से सम्बन्धित प्रपत्र 1 वर्क, आधार कार्ड राजीव गुप्ता छायाप्रति 1 वर्क, ई-आधार की छायाप्रति 1 वर्क, निर्वाचन प्रमाण पत्र की छायाप्रति-01 वर्क, वेस्ट बंगाल मेडीकल काउसिंल की छाया प्रति 2 वर्क, प्रैक्टिस से सम्बन्धित प्रपत्र की छायाप्रति 1 वर्क आदि बरामद किया गया है।

### साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

## एसपी ने ड्रेस कोड, तालमेल की गुणवत्ता का अवलोकन किया



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### धीरगढ़ पंचायतः लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

## घोटाले में क्लीन चिट देने 30 हजार की रिश्वत लेते सब इंजी. रामगोपाल रंगे हाथ गिरफ्तार



रामगोपाल यादव आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गंजबासौदा की ग्रीन सिटी हथौड़ा में गुरुवार को जनपद पंचायत लटेरी के उपयंत्री रामगोपाल यादव को लोकायुक्त ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उपयंत्री को लटेरी तहसील के धीरगढ़ ग्राम पंचायत में हुए घोटाले की जांच की जिम्मेदारी मिली थी।

इस घोटाले में क्लीन चिट देने के नाम पर उपयंत्री ने 30 हजार की रिश्वत की मांग की थी। गुरुवार को जैसे ही आवेदन कन्हैयालाल शर्मा ने उपयंत्री को पैसे दिए लोकायुक्त की टीम ने उपयंत्री को को दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस ने जब उपयंत्री हाथ धुलवाए तो हाथ लाल हो गए। आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने गंजबासौदा स्थित घर पर मंगाई थी। यह रकम उसने सड़क निर्माण के मूल्यांकन के लिए मांगी थी। एसपी दुर्गेश राठौर के मुताबिक जनपद पंचायत लटेरी अंतर्गत धीरगढ़ पंचायत के सचिव कन्हैया लाल शर्मा निलंबित चल रहे हैं। निलंबित सचिव कन्हैया लाल और सरपंच लाखन सिंह लोधी जांच दल से इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने लोकायुक्त को शिकायत करना उचित समझा। सब इंजीनियर रामगोपाल यादव ने क्लीन चिट देने के नाम पर 40 हजार रुपए की मांग रखी थी। इन दोनों ने 30 हजार रुपए की पहली किस्त देना तय किया ओर लोकायुक्त की टीम को बुला लिया। इस जांच के लिए लटेरी एसडीएम द्वारा जांच दल का गठन किया गया था।

### लापरवाह पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश

**विदिशा।** गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले पर्यवेक्षकों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान आशा–आंगनबाड़ी की उपस्थिति, भवनों में सुविधा, बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं की निगरानी और बाल विवाह रोकने पर जोर दिया।

### वात्सल्य में गुरु तेग बहादुर के दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई

**विदिशा।** वात्सल्य स्कूल में भारत सरकार के तत्वावधान तथा गुरुद्वारा कमेटी सिख समाज के सहयोग से "हिंद दी चादर" गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर निर्मल कौर, सचिव सचिन अरोरा, मीडिया प्रभारी शिल्पा अरोरा, उद्बोधन प्रमुख सरदार बलजीत सिंह गिल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरु जी के अद्वितीय साहस, बलिदान और मानवता की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराया। विद्यालय संचालिका देवना अरोरा, नम्रता अरोरा और प्राचार्य संजय शर्मा ने गुरुद्वारा कमेटी व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### एसआईआर फार्म भरने के अंतिम दिन वार्ड 28 में विधायक ने किया भ्रमण

**विदिशा।** एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 28 में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म जमा करने के प्रति जागरूक किया।

### धर्मसभा और भागवत ध्वज वाहन यात्रा 14 को

**विदिशा।** 14 दिसंबर दिन रविवार दोपहर 12 बजे माधवगंज से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा एवं भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमें सानिध्य श्रीश्री 1008 महंत रामनारायण दास महाराज एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छत्तीसगढ़ जितेंद्र पवार का बौद्धिक होगा। इसके बाद भगवा रैली शुरू होगी।

### महिला पत्रकार ने लगाया पथराव करने व धमकाने का आरोप

## स्टेट बैंक के पीछे अतिक्रमण पर दो पक्ष आए आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाना महिला पत्रकार को उस समय भारी पड़ गया, जब अतिक्रमण हटाने आयी नगर पालिका की टीम के जाते ही पड़ौसियों ने पत्थरबाजी करते हुये गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकार के आरोप लगाते हुये महिला पत्रकार संजना सिंह घण्टाघर चौराहा पर अपने दो बच्चों के साथ धरने पर बैठ गयीं। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

प्रदर्शन करते हुये संजना सिंह ने बताया कि आजादपुरा मोहल्ले में स्टेट बैंक के पीछे मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा सरकारी सड़क व सार्वजनिक नालियों पर चबूतरा इत्यादि बनाकर गली को जाम कर दिया था, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं थीं। इस प्रकरण को लेकर उन्होंने आवाज उठायी और लिखित रूप से



प्रशासन व नगर पालिका को अवगत कराया। गुरूवार को नपा की अतिक्रमण हटाओ टीम अपने साथ मशीनें लेकर मौके पर पहुंच गयीं, जहां टीम ने नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराया और सार्वजनिक रास्ते से भी अतिक्रमण हटाया। आरोप है कि जैसे ही पूरी टीम अतिक्रमण हटाकर वापस निकली तो पड़ौसियों ने उसके घर के बाहर एकत्र होकर गालियां दीं और उसके घर पर पथराव भी किया। महिला पत्रकार ने बताया कि उसके घर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। महिला पत्रकार ने जानमाल का खतरा बताते हुये जिला प्रशासन व पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने की गुहार लगायी है।

### दूसरे पक्ष से मोहल्ले की महिलाएं भी धरने पर बैठी

इधर दूसरे पक्ष की ओर से मोहल्ले की महिलाएं भी घण्टाघर पर धरने पर बैठ गयीं। महिलाओं ने एसपी के नाम पत्र भेजते हुये बताया कि मोहल्ले में रहने वाली महिला के मकान रजिस्ट्री के बैनामे से 15 फीट अधिक नगर पालिका की जमीन पर भवन निर्माण किया गया है। इस कब्जे को हटाये जाने की मांग महिलाओं ने उठायी। आगे बताया कि विगत दिवस ईओ नगर पालिका को पत्र देकर उन्होंने अवैध कब्जे को हटवाने की मांग उठायी थी। नगर पालिका की टीम ने मोहल्लेवासियों के चबूतरे व सीढ़ी तो तोड़ दी, लेकिन अवैध कब्जे को नहीं हटाया। महिलाओं ने जिला व पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कराये जाने की मांग उठायी है। प्रदर्शन करते समय रामकुंवर, विन्द्रावन सिंह, राजकुमारी, राधा, द्रोपती, सुनीता, सोनू, रजनी, सीमा, रंजना, अखिलेश, पूजा, प्रियंका, रामकुमारी आदि मौजूद थीं।

### मजदूरी से लौट रहे युवक को बोलेरो सवारों ने पीटा

**ललितपुर।** जाखलौन थानान्तर्गत ग्राम जीरोंन निवासी गोदन अहिरवार पुत्र हरजू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े चार बजे वह गांव में रोड के पास खड़ा था। वह मजदूरी करके बरखेरा से घर लौट रहा था। इसी बीच सामने से बुलैरो संख्या यू.पी.94 ए.एल. 3339 आकर रूकी और उसे रोकते हुये कार सवार ने गालियां दीं। जब उसने विरोध किया तो उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने बताया कि जीरोंन निवासी निर्मल कुमार पुत्र खुशीलाल अहिरवार, शहर के नेहरू नगर निवासी नीरज पुत्र गनपत अहिरवार व अखिलेश पुत्र दयाराम अहिरवार सवार थे, जिन्होंने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। यह भी आरोप लगाया कि उक्त मारपीट की घटना गांव के प्रकाश पुत्र गज्जूराम अहिरवार द्वारा करायी गयी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जमीन बेचने के नाम से 7 लाख हड़पने का आरोप डायल 112 में तैनात होमगार्ड, पुत्र, दामाद व पुत्री पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस महकमे के डायल 112 में तैनात होमगार्ड पर जमीन बेचने का झांसा देकर महिला से आरटीजीएस और चैक के जरिए लिये गये सात लाख रुपये हड़प लेने और गुमराह करते हुये गालियां देने, धमकाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने होमगार्ड, उसके पुत्र, पुत्री व दामाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी शिवानी कौशिक पत्नी अवधेश कौशिक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि ललितपुर में डायल 112 में तैनात होमगार्ड रामसहाय रिछारिया पुत्र स्व.धरनीधर रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश रिछारिया को उसने 7 लाख रुपये आरटीजीएस व चैक के माध्यम से दिये हैं। आरोप है कि थाना बार के ग्राम कठवर में दो एकड़ जमीन उसे बेचने की बात कहते हुये रजिस्ट्री करने का कहकर उसने होमगार्ड के एक्सिस बैंक के खाते में सात लाख रुपये दिये हैं। बताया कि रुपये लेने के बाद होमगार्ड उसे विश्वास व भरोसे में रखकर घुमाता रहा, जब उसने बार-बार कहा तो 29 सितम्बर को रजिस्ट्री करने की बात कही गयी। जब उसने बोला तो होमगार्ड ने रिश्तेदारी में मृत्यु होने की बात कहते हुये बात टालते हुये बाद में रजिस्ट्री करने की बात कही।

8 अक्टूबर को जब उसने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया को व उसके पुत्र दुर्गेश को फोन किया तो उन्होंने फोन बंद कर कहीं भाग गये और ड्यूटी भी नहीं आ रहा है। महिला जानकारी करते हुये जब ललितपुर में बाबू जगजीवन छात्रावास रिशाला मंदिर के पीछे वर्णी कॉलेज के पास पहुंची तो पता चला कि शालिक राम व प्रदीप पुरोहित के मकान में रामसहाय रिछारिया, उसके पुत्र दुर्गेश, पुत्री सपना व दामाद विक्कू शुक्ला किराये से रहते हैं। जब महिला उनके कमरे पर पहुंची तो वहां पुत्र दुर्गेश रिछारिया व दामाद विक्कू शुक्ला मिले और उन्होंने रुपये की बात कही तो आरोप है कि उक्त लोगों ने बत्तमीजी करते हुये उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और धक्का देकर बाहर निकाल दिया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे मारकर फेंक देने की बात कहते हुये रुपये हड़प जाने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने होमगार्ड रामसहाय रिछारिया, पुत्र दुर्गेश रिछारिया, दामाद विक्कू शुक्ला व पुत्री सपना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जीआरपी ने दर्ज की एफआईआर

## वीकली व उत्कल एक्सप्रेस से फोन व ट्रॉली बैग चोरी

**ललितपुर।** महाराष्ट्र राज्य के पटेल कालोनी झोपे हॉस्पिटल के पास रहने वाले समद शेख पुत्र उसउद्दीन शेख ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पहली नवम्बर को वह अपने भाई वसीम के साथ ट्रेन नं. 14622 अप वीकली एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की बर्थ नं. 15 व 16 पर दिल्ली से भुसावल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर अपने बर्थ नं.15 पर सो गया। बताया कि उसने अपने दो मोबाइल जिसमें एप्पल 16 प्रो-मैक्स कीमत 1.50 लाख रुपये व दूसरा सेमसंग गैलैक्सी एस-25 एफई कीमत 70 हजार रुपये रखा था। बताया कि ट्रेन झांसी निकलने के बाद सुबह करीब 4 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके दोनों फोन तकिया के नीचे नहीं है, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिले। आरोप है कि किसी अज्ञात बदमाश द्वारा सोते समय उसके मोबाइल फोन चोरी कर लिये गये। जीआरपी पुलिस ने समद शेख की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मोतीनगर के पंतनगर वाक्ड बलराम सेठ, बीडी ब्रांच की कुलिया में रहने वाले संदीप कोरी पुत्र भगवानदास कोरी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 सितम्बर 2025 को ट्रेन नं. 18478 उत्कल एक्सप्रेस के कोच एस में बर्थ नं. 42 व 43 पर गाजियाबाद से सागर तक अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह खाना खाकर सो गये। बताया कि ललितपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के 10 मिनिट बाद उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी सीट नं. 44 के नीचे रखा एक ट्रॉली बैग नहीं था। उसने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि उसके ट्रॉली बैग में सोने की अंगूठी कीमत 10 हजार रुपये, मनचली कीमत 3 हजार रुपये, चांदी की पायल कीमत 10 हजार रुपये, 3500 रुपये नकदी व इस्तमाली कपडे थे। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रंगई में आयोजित हुआ मध्यभारत लॉ कॉलेज का विधिक सहायता शिविर

**विदिशा।** मध्यभारत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, गुलाबगंज द्वारा लीगल एड क्लीनिक के अंतर्गत ग्राम रंगई में विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में एलएलबी एवं बीए-एलएलबी के छात्रों ने भागीदारी निभाई। कॉलेज के डायरेक्टर मजहर अली जाफरी ने बताया कि ग्रामीणों से मद-निषेध, दुर्घटना, सार्वजनिक सेवाओं, अतिक्रमण और अन्य अपराधों से जुड़े प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर की समन्वयक सहायक प्राध्यापक सुरभि जैन ने ग्रामीणों को बताया कि एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग और प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को शासन द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। सहायक प्राध्यापक प्रतिज्ञा जैन ने कहा कि किसी भी अपराध या अधिकार हनन की स्थिति में नागरिक जिला विधिक प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में गौरव जैन, मिलन चौरसिया, मोहम्मद तारिक, मुस्कान शर्मा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत एसएटीआई कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर एवं ढोलखेड़ी मंडलों सहित पांच ग्रामीण मंडलों की टीमों ने सहभागिता दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों



को खेलों के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य एवं टीम भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में पहला मैच पुलिस लाइन और बंटी नगर के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस लाइन ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला छीरखेड़ा और गुरारिया के बीच हुआ, जिसमें छीरखेड़ा विजयी रही। तीसरे मैच में जाफरखेड़ी ने इमलिया को हराया। वहीं चौथे मैच में भी जाफरखेड़ी ने छीरखेड़ा को पराजित कर बढ़त बनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, छत्रपाल शर्मा, बैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शौर्य दिवस पर बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली



**कुरवाई।** गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मुरलीधर मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। रैली मेन मार्केट होते हुए ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा, मालीपुरा होते हुए वापस मुरलीधर मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे वाहन रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत गोरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक सचेंद्र यादव, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी समेत प्रखंड खंड, नगर एवं ग्राम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व नपाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रशासन पर लगाया दवाब में काम करने का आरोप

# मेरा शस्त्र लाइसेंस भाजपा नेताओं के दवाब में किया निरस्त:दौलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मेरे ऊपर ऐसे कोई आपराधिक प्रकरण वर्तमान में प्रचलित नहीं है और न ही में किसी प्रकरण में सजा याफ़्ता हूं। इसके बावजूद मुझे अपराधिक प्रवृत्ति का बताकर मेरा शस्त्र लाइसेंस कलेक्टर ने निरस्त किया है। जिला प्रशासन ने यह कवायद भाजपा नेताओं के दबाव में आकर की है ताकि मैं और मेरी पार्टी (कांग्रेस) द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को दबाने के उद्देश्य से की गई है। यह बात पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलतराम गुप्ता ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय (बड़ौदा रोड) पर एक प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए पत्रकारों से कहीं।

पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा सरकार के जनविरोधी निर्णय के खिलाफ आवाज उठा रही है चाहे वह फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा में अनियमित की बात हो या किसान द्वारा आत्महत्या करने का मुद्दा हो या फिर किसानों की खाद, बिजली, पानी जैसी समस्या के साथ नगरपालिका में हो रही मनमानी के खिलाफ भी मे कांग्रेस पार्टी के साथ समय समय पर आंदोलन करता रहा हूं। सरकार कांग्रेस के इन प्रदर्शनों से डरी हुई है जिसके कारण भाजपा नेताओं के दबाव में मेरे ऊपर शस्त्र लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा नेताओं के पास अनेक शस्त्र लाइसेंस है उनके विरुद्ध 10 से 15 अपराधिक प्रकरण लंबित हैं फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई वह खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन करते रहते हैं। मैं दो बार नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हो चुका हूं मेरा परिवार दस्यु पीड़ित है मेरा अपहरण हुआ था इसलिए मुझे सुरक्षा देना प्रशासन की प्राथमिकता सूची में शामिल है, इसके उलट मेरा शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर मेरी सुरक्षा को खतरे में डाला गया है। मैं प्रशासन को आवेदन देकर पूछूंगा कि अब वह मेरी सुरक्षा की क्या गारंटी लेती है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को न्यायालय ले जाएंगे और उन्हें पूरा श्वास है कि न्यायालय उनके साथ न्याय करेगा। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी व अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



#### प्रश्न पर जवाब देने के बजाए बगले झांकने लगे नेता

हरिभूमि के एक प्रश्न पर प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस नेता जवाब देने के बजाए बंगले झांकने लगे। दरअसल हरिभूमि ने प्रश्न किया था कि शस्त्र लाइसेंस निरस्त होने के बाद से लेकर अब तक किसी कांग्रेस नेता या कांग्रेस दल के विधायक ने प्रशासन के इस कदम को गलत बताते हुए न तो कोई प्रेस नोट जारी किया और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट डाली। इस पर प्रेस वार्ता में मौजूद सभी कांग्रेस नेता जवाब देने के बजाय चुप्पी साध गए। हालांकि बाद में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने यह कहते हुए बात को साधने का प्रयास किया कि उन्होंने आज कांग्रेस कार्यालय में ही इस मुद्दे को लेकर बैठक बुलाई है और आगे भी कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर लड़ाई लड़ेगी। दौलत राम गुप्ता को इस लड़ाई को लड़ने के लिए अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

#### नपा कार्यालय में हुए विवाद को बताया ईगो हर्ट

एक प्रश्न के जवाब में दौलतराम गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका में कर्मचारियों के साथ अभद्रता वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है दरअसल में वीडियो आधा अधूरा डाला गया है। इससे पहले मेरे साथ क्या अभद्रता हुई वह सोशल मीडिया पर नहीं डाला गया उन्होंने कहा कि 6 माह से मेरा नामांतरण प्रकरण नगर पालिका में पड़ा हुआ था मैं नगर पालिका में दो बार अध्यक्ष निर्वाचित हो चुका हूं मैने जब फोन कर कर्मचारी से पूछा तो उसने कहा कि काम तो काम के हिसाब से होगा आप अध्यक्ष रहे हैं इससे हमें कोई सरोकार नहीं है। इससे मेरा इगो हर्ट हुआ और वह सीएमओ से इस मामले की शिकायत करने पहुंच गए हैं।हालांकि सीएमओ उन्हें नहीं मिले लेकिन वहां कर्मचारियों के साथ मेरी बहस हुई जिसे सोशल मीडिया पर तूल दिया गया उन्होंने कहा कि इस मामले को नगर पालिका की लापरवाही से जोड़कर देखना चाहिए कि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रहने वाले व्यक्ति का नामांतरण इस कदर लेट लतीफ हो रहा है तो फिर नपा में आम आदमी को कितना परेशान होना पड़ रहा होगा।



#### भाजपा ने नकारे पूर्व नपाध्यक्ष के आरोप

उधर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने पूर्व नपा अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के मामले में भाजपा नेताओं का हाथ होने के आरोप को निराधार बताते हुए कहा है कि शस्त्र लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई उनके आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए की गई है। इस मामले में उन्हें नियम अनुसार नोटिस भी जारी किए गए हैं नोटिस का जवाब संतोष पूर्ण नहीं पाए जाने पर प्रशासन में यह कार्रवाई की है। इस तरह की कार्रवाई प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत रूप से जारी रखता है। इसके लिए भाजपा या सरकार पर आरोप लगाना ठीक नहीं है कांग्रेस का तो हर काम में भाजपा पर आरोप लगा देना आदत बन गई है।

### आवारा मवेशियों को जबरन कलेक्ट्रेट परिसर में घुसाने का किया था प्रयास

## विधायक जंडेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व नपाध्यक्ष समेत 17 कांग्रेसियों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




आवारा मवेशियों की समस्याओ को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा 11 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर गेट पर प्रदर्शन करते हुए आवारा मवेशियों को घेरकर जबरन कलेक्ट्रेट परिसर में घुसाने का प्रयास किया था। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने श्योपुर विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा तथा पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता समेत 17 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसमें 12 कांग्रेसी कार्यकर्ता अज्ञात भी है।

कोतवाली थाना पुलिस ने यह कार्रवाई उप निरीक्षक कमलेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर दर्ज की है। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में बताया गया है कि कांग्रेस पार्टी के श्योपुर विधायक बाबू जंडेल अपने साथियों के साथ 11 दिसंबर को शहर के आवारा मवेशियों को घेरकर जबरदस्ती संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के अंदर घुसाने का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के गेट बंद कर देने और मना करने के बाद भी यह लोग जबरन मवेशियों को घुसाने का प्रयास कर रहे थे,इनके द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रदर्शन प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी कलेक्ट्रेट परिसर की 100 मीटर की परिधि में हंगामा करते हुए नारेबाजी की गई,साथही इनके द्वारा मुख्य सडक पर चल रहे परिवहन को भी बाधित किया गया। इसलिए 5 नामजद कांग्रेसी कार्यकर्ता विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी,युकां जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा, पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत बछेरी और 12 अज्ञात समेत 17 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### देहात थाना पुलिस ने मर्ग जांच के बाद दर्ज किया प्रकरण

## बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत, दोस्त पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र स्थित कालीतलाई के पास करीब एक माह पहले घटित सडक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत होने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मृतक के दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दें कि 17 नवंबर को ग्राम सेमल्दा हवेली निवासी सोनू आदिवासी, महेन्द्र आदिवासी और पवन आदिवासी जब सोनू की ससुराल से वापस अपने गांव लौट रहे थे,तभी इनकी बाइक कालीतलाई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बाइक हादसे में पवन आदिवासी पुत्र रामदयाल आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसे जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर कर दिया था,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्वालियर से मर्ग डायरी आने के बाद जब देहात थाना पुलिस ने इस मामले की जांच की तो जांच के दौरान महेन्द्र आदिवासी इस हादसे का दोषी साबित हुआ। देहात थाने के सहायक उप निरीक्षक बृजेश शर्मा ने बताया कि बाइक को महेन्द्र आदिवासी चला था,जिसने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसे दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। इसलिए महेन्द्र आदिवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

#### कार की टक्कर से युवक घायल,कोटा रेफर

शहर के शिवपुरी रोड पर बीती शाम को एक युवक तब कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया,जब वह ट्रैक्टर से उतरकर पानी पीने के लिए जा रहा था। युवक को इलाज के लिए कोटा रैफर कर दिया गया है। देहात थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम कलारना निवासी अभिषेक सिकरवार शुक्रवार की शाम को धान की ट्रॉली भरकर रीछी गांव जा रहा था। ट्रैक्टर को लेखराज गुर्जर निवासी कलारना चला रहा था,जबकि पिता राजेन्द्र सिंह सिकरवार भी ट्रैक्टर में सवार थे। काली तलाई के आगे ट्रैक्टर के रूकने पर अभिषेक जल्द से हाइवे किनारे लगी पानी की टंकी पर पानी पीने के लिए गया था,तभी दूसरी तरफ से आ रही कार ने उसे सडक को पार करते समय टक्कर मार दी।जिससे अभिषेक सिकरवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक चलाते 73 लोग पकड़े, 21 हजार 900 रुपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हेलमेट लगाने के प्रति लोगो में जागरूकता लाने के लिए पुलिस द्वारा शुरू किए गए हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तीसरे दिन शनिवार को यातायात पुलिस ने चैकिंग के दौरान 73 लोगो को बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडा है। यातायात पुलिस ने इन बाइक चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए इनसे 21 हजार 900 रूपए का जुर्माना वसूला है।

यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि शनिवार को यातायात थाने के सामने महाराणा प्रताप चौराहे तथा पाली रोड पर देहात थाने के सामने वाहन चैकिंग प्वाइंट लगाकर दुपहिया वाहनों को चैक किया गया, इस दौरान 73 बाइक सवार बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडे गए है। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 21 हजार 900 रूपए का जुर्माना वसूला गया है और उन्हें आगे से हेलमेट लगाकर बाइक चलाने की समझाइस भी दी गई है।



## गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए नियमित शिविर लगाएं:डीएम

श्योपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को आयोजित होने वाले शिविर नियमित रूप से लगाये जाये तथा गर्भवती महिलाओं की जांच कर हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया जायें, यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग सहित अन्य पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सीएचओ प्रतिदिन कम से कम 10 आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बीएमओ विजयपुर को निर्देश दिये कि विजयपुर अस्पताल में एक्स-रे मशीन की मरम्मत कराकर एक्स-रे सुविधा फिर से शुरू की जायें। इसके लिए उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि मशीन का मेंटिनेंस करने वाली कंपनी को पत्र लिखकर तत्काल एक्स-रे मशीन चालू कराई जायें। इसके लिए उन्होंने एनएचएम की मैनेजिंग डायरेक्टर को भी पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मलेरिया के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाये तथा ठहरे हुए पानी में लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की जायें। इसके साथही अंधत्व निवारण कार्यक्रम अंतर्गत आई कैम्प लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर निर्देश दिये गये कि जिला अस्पताल श्योपुर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा, कराहल एवं विजयपुर में अलग से हेल्पडेस्क बनाई जायें, जिन पर कुशल कम्प्युटर ऑपरेटर नियुक्त किये जायें। हेल्पडेस्क के माध्यम से जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड आदि के लाभ के लिए आने वाले लोगों एवं हितग्राहियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जायें। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि टीबी मुक्त भारत निक्षय अभियान के तहत टीबी रोगियों को फूड बॉस्केट प्रदान करने में श्योपुर जिले की दूसरी रैंक है, इसी प्रकार रोगियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदाय की जाने वाली 6 हजार रूपये की राशि में भी जिले की दूसरी रैंक है। रोगियों को चिन्हित करने हेतु चलाये गये स्क्रीनिंग अभियान में 92 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर जिला तीसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि 1 लाख 70 हजार 039 सस्पेक्टेड पॉपुलेशन की स्क्रीनिंग लक्ष्य के विरूद्ध 1 लाख 55 हजार 757 की स्क्रीनिंग की गई है, जिससे जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है।

## जिला पंचायत सदस्य के लिए एक नामांकन दाखिल

**श्योपुर**। जिला पंचायत सदस्य के लिए शनिवार को एक और नामांकन फार्म भरा गया है। जिसे मिलाकर अब जिला पंचायत सदस्य के लिए तीन नामांकन फार्म दाखिल हो गए है। शनिवार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय जैन द्वारा जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए सुमेर जादौन पुत्र उदय जादौन निवासी बगदिया का नामांकन फार्म प्राप्त किया गया है। बता दें कि सुमेर जादौन से पहले जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कमलेश कंवर पत्नि महेश सिंह जादौन निवासी बगदिया, सोनू सिंह राठौड पुत्र शिवचरण राठौड निवासी बगदिया द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था

## जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा आयोजित

## 9 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित चयन परीक्षा में शामिल हुए 2793 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जवाहर नवोदय विद्यालय जैदा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु शनिवार को 9 परीक्षा केंद्रों पर चयन परीक्षा आयोजित कराई गई जिसमें जिले भर से परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले 3640 परीक्षार्थियों में से 2793 ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होकर परीक्षा दी। जबकि 844 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित कराई गई परीक्षा में शामिल होने के लिए बच्चे सुबह 10 बजे से ही पहुंचने शुरू हो गए थे। चूंकि परीक्षा में इसी साल पांचवीं पास करने वाले बच्चों को बैठाया गया था इसलिए छोटे होने के चलते बच्चों को लेकर अभिभावक स्कूल पहुंचे और वह तब तक स्कूल के बाहर खड़े रहे जब तक पेपर का समय खत्म नहीं हो गया। कलेक्टर एवं जवाहर नवोदय समिति के अध्यक्ष अर्पित वर्मा द्वारा परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया था, इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रवार तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को शामिल करते हुए उडनदस्ता दल गठित किये गये थे कुल मिलाकर चाकचौबंद व्यवस्था में परीक्षा आयोजित कराई गई।



#### इन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा

श्योपुर विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर, शासकीय कन्या उमावि श्योपुर, अशासकीय सेंट पायस स्कूल श्योपुर तथा अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर, कराहल विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि कराहल, शासकीय कन्या उमावि कराहल, शासकीय एकलव्य उमावि कराहल विजयपुर विकासखंड में शासकीय उत्कृष्ट उमावि विजयपुर एवं शासकीय कन्या उमावि विजयपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते से निपटे 1033 प्रकरण

# नेशनल लोक अदालत में बिछुड़े चार दंपती मिले न्यायाधीशों ने पौधे और सुहाग सामग्री देकर विदा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती माता की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संजय गोयल प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, लीलाधर सोलंकी विशेष न्यायाधीश, प्रतिष्ठा अवस्थी प्रथम जिला न्यायाधीश, बबीता होरा शर्मा तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललित मुदगल अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर एवं अधिवक्तागण, जिला न्यायायलय, श्योपुर के सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं ऑनलाईन माध्यम से तहसील न्यायालय विजयपुर के न्यायिक अधिकारीगण, सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक, रूपेश उपाध्याय अपर कलेक्टर, जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायालय श्योपुर में प्रीलिटिगेशन मामलों के लिए विद्युत विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, बैंक एवं बी.एस.एन.एल. इत्यादि विभागों के प्रकरणों के निराकरण हेतु पृथक-पृथक स्टॉल लगाये गये, जिन पर भारी संख्या में लोग अपने निराकरण के लिए मौजूद थे तथा प्रकरणों में राजीनामा करने पर लोक अदालत स्मृति चिन्ह के रूप में फलदार पौधे पक्षकारों को प्रदान किये गये।

नेशनल लोक अदालत के दौरान कुटुम्ब न्यायालय में कुल 29 प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकृत किया गया जिसमें से 05 दंपती साथ-साथ रहने के लिए सहमत हुए। एक साथ रहने के लिए राजी हुए दम्पति को न्यायाधीशों ने पौधे और महिला पक्षकारों को सुहाग का सामान एवं कपड़े इत्यादि भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए उन्हें विदा किया।




#### सबसे अधिक बिजली विभाग के मामलों का निराकरण

नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के विभिन्न विभागों के करीब 541 मामले निपटाए जाकर राशि रूपये 8902374 की वसूली की गई। जिसमें विद्युत विभाग के लगभग 353 मामले निराकृत कर 2835304 राशि की वसूली की। नगर पालिका के 129 निपटाए जाकर 1068477 राशि की वसूली की गई। जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय, विजयपुर के न्यायिक अधिकारियों की खण्डपीठों ने कुल 492 मामलो का आपसी सुलह और समझौते से पक्षकारों के मामलो का निराकरण किया गया। जिसमें मोटर दुर्घटना के 12 मामलो में 7325000 राशि का मुआवजा दिलाया गया तथा चौक बाउंस 59 मामलो में 14578570 राशि तथा आपराधिक प्रकरण के 281 मामलों में निराकरण किया गया एवं विद्युत विभाग के 62 मामले निराकृत किए गए।

#### दिलवाई क्लेम क्षतिपूर्ति राशि

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता के न्यायालय में आवेदक नारायण गुर्जर द्वारा इस आशय का क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया कि उसके पुत्र माखन गुर्जर की दिनांक 22.05.2025 को स्थान हीरापुर झरेर रोड पुलिया के पास थाना मानपुर जिला श्योपुर में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। तत्संबंध में उक्त आवेदक द्वारा मृतक का पिता एवं विधिक उत्तराधिकारी की हैसियत से क्लेम क्षतिपूर्ति राशि दिलवाई जाने हेतु क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया। नेशनल लोक अदालत में प्रकरण के पक्षकारों ने स्वेच्छापूर्वक समझौता कर लिया गया एवं खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी कपिल मेहता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की खण्डपीठ द्वारा राशि रूपये 12,70,000 (बारह लाख सत्तर हजार रूपए मात्र) का अधिनिर्णय आवेदक के पक्ष में पारित किया गया। उक्त राशि रूपये 12,70.000 (बारह लाख सत्तर हजार रूपए मात्र) में से 50 प्रतिशत राशि रूपये 6,35,0000 राष्ट्रीयकृत बैंक में उसके बचत खाते के माध्यम से नकद दिलवाए जाने का आदेश दिया गया साथ ही शेष 50 प्रतिशत राशि रूपये 6,35,0000उसके नाम से तीन वर्ष के लिए सावधि जमा योजना के अंतर्गत निक्षेपित किए जाने का आदेश दिया गया।

## कॉलेज में एसैप छात्र संघ की नवीन कार्यकारिणी घोषित,शहर में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) छात्र संघ द्वारा संगठन की नवीन कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने संगठन की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि आगामी एक वर्ष के लिए गठित यह कार्यकारिणी छात्रों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी।

कार्यकारिणी में कॉलेज अध्यक्ष के पद पर अर्जुन मीणा को नियुक्त किया है। उपाध्यक्ष पद पर सौरभ गौतम, तरुण राठौर, दिलकुश रजक एवं प्रियांशु राव को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव के रूप में विशाल मीणा को मनोनीत किया गया। सह सचिव पद पर प्रिंस मीणा, बादल जाट, विशाल मीणा, विकास मीणा, रवि मीणा एवं आशीष मीणा को शामिल किया गया। कोष प्रमुख की जिम्मेदारी विशाल मीणा को दी गई। महामंत्री के पद पर ऋषिकेश मीणा एवं अजय मीणा को नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त मंत्री पद पर सत्येंद्र गौड़, हर्षित सोनी, गोविंद शर्मा, सुमंत मीणा, शुभम मीणा, मन्नू मीणा एवं कपिल मीणा को शामिल किया गया। कॉलेज कार्यकारिणी के प्रभारी के रूप में रवि प्रजापति को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात एसैप छात्र संघ द्वारा शहर में एक भव्य एवं अनुशासित रैली का आयोजन किया गया। रैली में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। रैली के दौरान छात्रों ने संगठन के समर्थन में नारे लगाए और छात्र हितों की आवाज बुलंद की। इस अवसर पर अभिषेक बगवाड़ा, लवली मीणा, सोनू मीणा, दिलकुश मीणा, अजय मीणा, अंकित मीणा, शिखर मीणा, सोनू बैरवा, राजू बैरवा ,दिलकुश राव,सहित ब्लॉक कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य बने अमन लोधी आमोल

**करैरा।** कार्यालय कलेक्टर (जिला योजना एवं सांख्यिकी) शिवपुरी मप्र द्वारा जिले के विकास के लिए जिला विकास सलाहकार समीति का गठन किया गया है इस समीति में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशीर्वाद से व भाजपा जिला अध्यक्ष शिवपुरी जसवंत जाटव की अनुशंसा से करैरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमोलपठा निवासी अमन लोधी आमोल को जिला विकास सलाहकार समिति शिवपुरी में सदस्य नामित किया गया है । इस समीति के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मप्र शासन व उपाध्यक्ष प्रद्युमन सिंह तोमर ऊर्जा मंत्री मप्र शासन व प्रभारी मंत्री शिवपुरी एवं इसके सदस्य के रूप में जिले के पांचों विधायक शिवपुरी विधायक देवेन्द जैन,पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा,कोलारस विधायक महेंद्र यादव,पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी,करैरा विधायक रमेश खटीक तथ जिले के सभी जनपद अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष शिवपुरी जसवंत जाटव,पूर्व मंत्री भैया सहाब लोधी,जनपद सदस्य सूरजभान सिंह यादन व करैरा के आमोलपठा निवासी अमन लोधी आमोल को जिला विकास सलाहकार समीति सदस्य नामित किया गया हैं।

### शासकीय कार्य में बांधा डालने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में शासकीय कार्य में बांधा डालने के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी रेंज रितिका यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चिरौलीखेडा में पत्थर की खदान जो खाकलोन में है वहां देवेन्द्र, चन्द्रपाल और कलेक्टर यादव ने शासकीय कार्य में बांधा डाली और जान से मारने की धमकी दी।

## भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ सम्पन्न

# मुनिश्री के आगमन की थीम पर पिच्छिकाएं समारोह पूर्वक लाईं गईं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार का दिन अशोकनगर के लिए महत्वपूर्ण दिन था यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है कि यहां एक तो विराजमान जन संतो के लिए पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया था। दूसरा यहां के सुभाष गंज जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण हो रहा है जिसका भूमिपूजन किया गया। मुनिश्री यहां के त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर पहुंचे जहां विशाल आकार की प्रतिमाओं को देखा। इन सब आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह था, पिच्छिका परिवर्तन समारोह को देखने के लिए आस पास के जिलो के साथ महानगरों से भी श्रद्धालु अशोकनगर पहुंचे थे।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर प्रतिदिन होने वाल कार्यक्रमों के बाद दोपहर में 1 बजे पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया। अशोकनगर का दिगम्बर जैन युवा वर्ग पूरे देश में इस तरह के आयोजन के लिए अपनी विशाल पहचान को लेकर जाना जाता है। तो दूसरा अशोकनगर इसलिए भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है कि देशभर में साधु संतो के लिए जो पिच्छिकाएं प्रदान की जाती हैं उनका निर्माण अशोकनगर में ही युवाओं द्वारा पूरे वर्ष भर किया जाता है। जब पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन अशोकनगर में ही हो तो उसकी भव्यता और विशालता और बढ़ जाती है ऐसा ही सबकुछ आज पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पंडाल में देखने को मिला।

### वर्षों बाद इस तरह का आयोजन शहर में देखने मिला

वर्षों बाद अशोकनगर की धरती पर एक साथ 15 पिच्छीधारी साधु थे, ज्ञात हो कि अशोकनगर में वर्तमान में पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज विराजमान हैं। उनके साथ अब 14 पिच्छी और हैं, संत परम्परा में दिगम्बर जैन दर्शन में साधु अपने हाथ में जो उपकरण लेते हैं उन्हे पिच्छिका कहा जाता है। जिसे साधु वर्ष में एक बार बदलते हैं। इसी आयोजन का नाम पिच्छिका परिवर्तन समारोह होता है। यहां जब पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ तो लोगों की सांसे थम गईं, पिच्छिकाएं यहां विभिन्न प्रकार से मंच तक लाई गईं। जिसमें अशोकनगर में मुनिश्री की एतिहासिक अगवानी को रेखांकित किया गया था। जिसके अलावा जेसीबी मशीन और हाईड्रोलिक मशीनों के साथ भी जैनेश्वरी दीक्षा का चित्रण भी इस पिच्छिका परिवर्तन समारोह में देखने को मिला।

### पिच्छिकाएं समारोह पूर्वक मंच पर लाई गईं

यहां पिच्छिकाएं मंच पर पहुंची तो उसके अनावरण का मौका अलग लोगों को मिला। नई पिच्छी देने के लिए अलग लोगों को चुना गया बारी बारी से सभी संघस्थ साधुओं ने मुनिश्री के कर कमलों से नई पिच्छी प्राप्त की। पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य भी कईं संतों के परिवारजों तो कईं समाज के श्रेष्ठीजनों को मिला। इस मौके पर जब पूज्य मुनि सुधासागर जी महाराज को पिच्छिका देने का मौका आया तो उक्त पिच्छिकाएं देने के लिए ब्रम्हचारी बहने भी आईं। यह पिच्छिका देने का सौभाग्य पदमकुमार, सौरभकुमार बांझल परिवार को मिला। समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल ने उसका अनावरण किया। गुरूवर की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य पंच कल्याणक में बने माता पिता राकेश अमरौद परिवार को मिला।



### सुभाषगंज जैन मंदिर के नव निर्माण का भूमि पूजन किया गया

यहां 80 वर्ष पुराने सुभाषगंज जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है वर्तमान में जितने स्थान पर यह मंदिर था उसके बाद मंदिर से लगे दो और मकान जैन पंचायत द्वारा मंदिर बनाने के लिए क्रय किए गए हैं। जिसके बाद यह मंदिर अब बड़े आकार में निर्मित हो रहा है। इस मदिर में जो प्रतिमाएं पहले से विराजमान थीं उन प्रतिमाओं को तो विराजमान किया ही जाएगा, इसके अलावा कईं नई प्रतिमाएं बड़े आकार की इस जिनालय में आ रही हैं। जिनकी प्राणप्रतिष्ठा पंच कल्याणक महोत्सव में की जाएगी। उसके पहले मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया की उपस्थिति में सुभाषगंज जैन मंदिर का भूमि पूजन किया। जिसके बाद निकट समय में मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

### मुनिश्री त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर पहुंचे

यहां के विश्व प्रसिद्ध श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर में भी यह प्रतिमाएं नए सिरे से प्रतिष्ठित कर विराजमान की जा रही हैं। ज्ञात हो कि इस मंदिर का निर्माण मुनिश्री जब 33 वर्ष पहले अशोकनगर आए थे तब किया गया था। अब नए सिरे से मंदिर वही है लेकिन वहां प्रतिमाएं नए आकार आ रही हैं। शुक्रवार को मंदिर में बड़ी प्रतिमाएं पहुंची जिनका मुनिश्री ने अवलोकन किया। यह मंदिर अब आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केन्द्र होगा।

### पिच्छिका के पंख इतने कोमल की आंख में भी चले जाए तो कुछ नहीं होताः मुनिश्री



मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पिच्छिका हमें जीवन में सयंम धर्म का पालन करने के लिए प्रदान की जाती है। यह पिच्छि मोर के पंखों से बनी होती है जब मोर इन पंखों को छोडता है तब उन पंखों का उपयोग पिच्छि बनाने के रूप में किया जाता है। भगवान श्री कृष्ण भी अपने मस्तष्क पर मोर का पंख सजाते थे। यह पिच्छिका जिन मोर के पंखों से बनी होती है वह इतनी कौमल होती है कि यदि मोर का पंख आंख में भी चला जाए तो उसका कुछ नहीं बिगड़ता।उन्होंने कहा कि पिच्छिका परिवर्तन का आयोजन पूर वर्ष में एक बार होता है। जैन संत के पास एक कमण्डल और एक पिच्छिका उनके उपकरण होते हैं।

## नेशनल हाइवे पर गुड़ से भरा वाहन पलटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

बीना-सागर रोड पर स्थित कुलवाई गांव के पास गुड से भरा एक पिकअप वाहन का टायर फटने से वह सड़क से नीचे उतर कर पलट गया। जिसमें वाहन चालक और परिचालक दोनों बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले के करेली से गुड़ भरकर वाहन बीना आ रहा था। पिकअप वाहन का कोहा और कुलवाई गांव के बीच टायर फटने से वह अचानक से सड़क से नीचे उतर कर पलट गया। गनीमत रही कि घटना सुबह के समय हुई, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। पिकअप वाहन चालक ने बताया कि वह गुड भरकर करेली से बीना जा रहा था कि अचानक से पिकअप का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गुड आसपास फैल गया। पिकअप वाहन पलटने से एक बड़ी घटना होने से टल गई।

## समन्वय मंडपम सचिव ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

नल-जल योजना, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी एवं ग्राम पार सहित अन्य स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताएं एवं गुणवत्ता को लेकर समन्वय मंडपम सचिव सत्यजीत ठाकुर ने तहसीलदार डॉक्टर अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम मांग की गई ग्राम बम्हौरी, ग्राम पार तथा आसपास के अन्य ग्रामों में नल-जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताएं एवं गुणवत्ता की जा रही है।

ठेकेदारों के द्वारा जल निगम एवं सरकार द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्राम बम्हौरी सेमरखेडी एवं कुरुआ ढुरूआ एवं ग्राम पार में समस्याएं देखी गई है। जिसमें पाइपलाइन बिछाने में आवश्यक गहराई का ध्यान नहीं रखा गया है। कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग



किया जा रहा है। इसके अलावा निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों की अनदेखी तथा सुपरविजन की कमी देखी गई है।

स्टेट हाइवे पर बिना पानी के शुष्क कम्पेक्शन किया गया है जो के मौसम में सड़क को क्षतिग्रस्त करेगा। कार्य की गति अत्यंत धीमी है जिससे योजना समय सीमा से काफी पीछे चल रही है। पानी टंकियों का घटिया निर्माण कार्य से शासन के पैसे की हानि है जो स्थानीय निवासियों के लिए जान माल की हानि का कारण हो सकती है। उपरोक्त कमियां न केवल योजना की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं बल्कि ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को भी बाधित करती हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में विवाद छोड़ा, फूलों का हार पहनाकर सदैव के लिए एक-दूजे का वरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला दतिया निवासी रीना (परिवर्तित नाम) का विवाह ग्राम मौजपुर तहसील नरवर निवासी बल्लराम से चार (04)वर्ष पूर्व हुआ था। दोनो के मध्य पारिवारिक समन्वय के कारण विवाद इतना बढ गया कि दोनो को न्यायालय की शरण लेना पडी और न्यायालय दिनेश कुमार खटीक प्रथम जिला न्यायाधीश के समक्ष तलाक का दावा दायर किया। जिसका न्यायाधीश दिनेश कुमार खटीक के अथक प्रयास से एवं वरि. अभिभाषक नवाब सिंह वैषले एवं एजाज खांन अधिवक्ता की लगातार काउसलिंग से पति पत्नि ने एक दूसरे को हार पहनाकर पुराने विवाद का अंतिम निराकरण किया।



न्यायालय परिसर करैरा में 13 दिसम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सह प्रथम जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार खटीक एवं द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमती मोनिका आध्या ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर नमन कर लोक अदालत के मंच को विवाद के अंतिम समाधान का केन्द्र बताया एवं लोक अदालत के लाभ सस्ता, सुलभ न्याय की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। इस अवसर पर बार अभिभाषक संघ के सचिव रामनरेश तिवारी,अशोक जैन,संजय श्रीवास्तव,संदीप सिकरवार अधिवक्तागणो सहित बैंक, विधुत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। न्यायालय करैरा में कुल 07 खण्डपीठ गठित की गई जिसमें 05 खण्डपीठ व्यवहार न्यायाधीश न्यायालयों की एवं 02 खण्डपीठ जिला न्यायालय की होकर उक्त खण्डपीठों में अंतिम रूप से 173 प्रकरण निराकृत हुए। विधुत प्रकरणो के लिये पृथक से खण्डपीठ गठित कर उक्त खण्डपीठ मे कुल 90 प्रकरण निराकृत हुए। नगरपरिषद के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में जलकर में 16 प्रकरण निराकृत होकर 98609/-एवं समेकित कर के 12 प्रकरण निराकृत होकर 38564 रू की वसूली की गई एवं बैंक के प्रीलिटगेशन के प्रकरणों में 2092600/- रू की वसूली की गई। आकांक्षा यादव,भूपेन्द्र यादव, भूपेन्द्र सिंह,सुश्री काजल रेनीवाल, रज्नेश पाल की खण्डपीठ में प्रकरणों का निराकरण किया।

## करैरा में लंबित वेतन भुगतान को लेकर शिक्षकों का सामूहिक आक्रोश, विकासखंड कार्यालय में सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

करैरा विकासखंड में वर्ष 2023 में नियुक्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के लंबित वेतन भुगतान को लेकर आधा सैंकड़ा से अधिक अध्यापक-अध्यापिकाएं एकजुट होकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर लिखित ज्ञापन प्रस्तुत किया। उपस्थित शिक्षण कर्मियों ने बताया कि नियुक्ति के बाद उनका एम्पलाई कोड विलंब से जारी हुआ, जिसके कारण कोड जारी होने से पूर्व की अवधि का मानदेय आज दिनांक तक नहीं मिल पाया है, जिससे कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

किसी शिक्षक का एक माह तो किसी का छह माह से भी अधिक समय का भुगतान रुका हुआ है, जबकि जिले के अन्य विकासखंडों में इसी प्रकार की समस्या का समाधान पहले ही किया जा चुका है। केवल करैरा क्षेत्र में ही यह स्थिति बने रहने से असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सभी संबंधित शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि मार्च 2026 में



समाप्त होनी है और यदि समय रहते बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ तो परिवीक्षा काल आगे बढ़ने की आशंका बनी रहेगी, जिसका सीधा असर भविष्य की सेवा शर्तों पर पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि इस विषय में पूर्व में संकुल प्राचार्य स्तर से लेकर विभागीय अधिकारियों तक कई बार अवगत कराया गया, परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। कार्यालय परिसर में मौजूद शिक्षकों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए प्रशासन से शीघ्र निर्णय की मांग की और कहा कि वे केवल अपने अधिकारों की अपेक्षा कर रहे हैं, न कि किसी प्रकार का विशेष लाभ। ज्ञापन सौंपने के दौरान यह भी कहा गया कि समय पर वेतन न मिलने से दैनिक जरूरतों, पारिवारिक दायित्वों और कार्यस्थल पर मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में उपस्थित कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि विभाग उनकी कठिनाइयों को समझते हुए शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान सुनिश्चित करेगा।

अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रशासन के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे पुनः संगठित होकर बात रखने को मजबूर होंगे।

## 'ईष्या, नफरत, ग्लानि, क्रोध आदि मोहरूपी खलनायक की सेना है'



**ईसागढ।** गुरु और प्रभु का नाम मंगलकारी होता है। इसलिए किसी भी कार्य के प्रारंभ में उनका स्मरण नमन और गुणानुवाद किया जाता है। किसी कार्य के प्रारंभ में भगवान का नमन और गुणानुवाद मंगलाचरण कहलाता है जिनका आचरण सही है उनके चरण पूज्य है और उनका नाम स्मरण ही मंगलाचरण है। यह उपदेश आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज ने ईसागढ़ से विहार करते हुए भियाखेडी.जिला अशोकनगर में दिए।

उन्होंने कहा कि जो झुकता है वह विनयशील कहलाता है। नमन करते समय झुकना पड़ता है। लेकिन नमन नमन में अन्तर होता है। इसलिए उन्होंने एक दोहा सुनाते हुए कहा 'नमन नमन में फेर है अधिक नये बेईमान दगाबाज दूनो नमो चीता चोर कमान' सही नमन श्रृद्धा भक्ति पूर्वक होता है वही मंगलकारी है। गुरु की संगति से धर्म ग्रंथों के पठन से, प्रभु के ध्यान से अज्ञान, दुख और भय का नाश होता है। गुरु पाप के फल को बताकर शिष्य को भयभीत नहीं करते बल्कि दुखदायी पाप से बचाते हैं और पुण्य का फल बताकर सद्मार्ग में लगाते है आचार्यश्री ने कहा संतों को एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि संत समाज का दर्पण होता है। आरोप प्रत्यारोप से संत का आचरण धूमिल हो जाता है। आचार्यश्री ने कहा जीवन में धर्मकथा, आत्मकथा और प्रभुकथा करना चाहिए। निंदा आलोचना और काम वासना की विकथा से वचना चाहिए। उन्होंने कहा नायक और ज्ञायक बनना चाहिए खलनायक नहीं। आत्मा नायक है और मोह खलनायक है। इस मोहरूपी खलनायक की सेना में ईष्र्या नफरत, ग्लानि, क्रोध, मान, माया आदि अनेक सैनिक है जो अंदर आत्मा में और बाहर संसार में आंतक मचा रहे हैं। धर्म कथा करने से स्वाभिमान जगता है। विकथा सुनने से अभिमान जगता है। कुल जाति पद प्रतिष्ठा और शक्ति पाकर दूसरों को अपमानित करना, नीचा दिखाना, बेज्जती करना अभिमान कहलाता है और जो कुल जाति, पद, प्राप्त करना उसकी गरिमा रखना उसके अनुसार कार्य करना स्वाभिमान कहलाता है।



### दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों के लिए परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**पिपरई।** शुक्रवार को भारत सरकार की एडिप एवं वरिष्ठजन वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु विशाल परीक्षण शिविर का आयोजन पुरानी तहसील प्रांगण में किया गया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक संचालित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक परीक्षण के लिए पहुंचे। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मानसिक एवं बहुदिव्यांग सहित वयोश्री अंतर्गत वृद्धजनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण हेतु जबलपुर से एलिम्को संस्था के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। एलिम्को द्वारा दिव्यांगजन के लिए आवश्यक कृत्रिम उपकरणों का नाप-जोख कर हितग्राहीयों को चिन्हांकित किया गया, जिससे आगामी चरण में उपकरण वितरण किया जा सके। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में भोजन पैकेट, चाय-पानी, टेंट, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सहित कुल 10 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई थीं। कर्मचारी लगातार दिव्यांगजन को परीक्षण टेबल तक पहुंचाते रहे, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। शिविर की व्यवस्थाओं का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इसरार खान ने समय-समय पर स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके निरीक्षण से व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित बनी रही। शिविर में कुल 445 पंजीयन किए गए, जिनमें से 245 हितग्राहीयों को एलिम्को टीम ने उपकरण हेतु चिन्हांकित किया है।

## मनुष्य को शिक्षा देने के लिए हुआ था श्री राम का अवतारः देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में नव दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन राम कथा पर प्रवचन देते हुए जगतगुरू आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि मनुष्य को शिक्षा देने के लिए हुआ था श्री राम का अवतार।

उन्होंने श्री राम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा का अवतार मनुष्य को शिक्षा देने के लिए होता है साथ में जन्म लेकर वह रावण आदि कुंभकरण मेघनाथ का वध करते हैं यह तीनों राक्षस काम, मोह और अहंकार के प्रतीक है जब तक मनुष्य इन तीनों विकारों को समाप्त नहीं करता है। सही मायने में मनुष्य कहलाने योग्य नहीं है।श्री राम जी ने राजगद्दी पर बैठने से पहले इन सभी पपिया का नाश किया साथी परमात्मा के अनेक जन्मों के कारण



बताते हुए कहा कि जब संत महात्माओं को दुख होता है पृथ्वी पर पाप अत्याचार बढ़ता है और मनुष्य राक्षसी प्रवृत्ति का हो जाता है मात-पिता और गुरु को नहीं मानता है तब परमात्मा का जन्म होता है और मनुष्य को शिक्षा देकर सब मार्ग को प्रशास्त्र करते हैं श्री राम उसी के घर जन्मे लेते हैं जिसके माता-पिता धर्म को धारण करते हैं साधारण बालक तो पापी के घर भी पैदा हो जाता है लेकिन राम ने जन्म लेकर नई परंपरा का निर्वहन किया राम जन्म का कारण बताते हुए कहा मनु और शतरूपा जी इतना बड़ा राज्य छोड़कर वन में तप करने भगवान की शरण में भजन करने के लिए गए। तब श्री राम उनके पुत्र के रूप में जन्म लिए।आज राम जैसा पुत्र तो हर कोई चाहता है लेकिन दशरथ और कौशल्या जैसा आचरण और त्याग किसी दंपति में दिखाई नहीं पड़ता है इसलिए हर और निराशा और दुख झेलना पड़ रहा है श्री राम जन्म की कथा सुना कर बधाइयां गाई गई। श्री राम की आरती उतारी तत्पश्चात कथा को विश्राम दिया। आज कथा के व्यवस्थापक सुरेश रघुवंशी डुंगासरा,पंचम रघुवंशी खजुरिया, सुनील रघुवंशी रुसल्ला,अशोक सिंह रघुवंशी खजुरिया ने रामचरितमानस का पूजन किया एवं आरती उतारी।